कार्यालय : प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखंड, राँची।

वन भवन, डोरण्डा, राँची, झारखंड, पिन–834002, Email : pccf-ednodal@gov.in

पत्रांक :– 242 दिनांक :– 23/3/2026

सेवा में,

क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक,
हजारीबाग।

विषय :– गोन्दलपुरा कोल खनन परियोजना हेतु 219.80 हे0 वनभूमि अपयोजन प्रस्ताव (FP/JH/MIN/139492/2021) के संबंध में।

प्रसंग :–
1. भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के पत्रांक F.No. 8-11/2025-FC दिनांक 10.11.2025
2. आपका पत्रांक 490 दिनांक 02.03.2026

महाशय,

उपर्युक्त विषयक संदर्भ में सूचित करना है कि भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के प्रासंगिक पत्र–1 द्वारा की गयी पृच्छा का निराकरण प्रतिवेदन आपके कार्यालय पत्रांक 490 दिनांक 02.03.2026 द्वारा प्राप्त हुआ है। उक्त निराकरण प्रतिवेदन के पृच्छा संख्या–1 के निराकरण में संबंधित वन संरक्षक एवं वन प्रमण्डल पदाधिकारी द्वारा केवल प्रयोक्ता अभिकरण के जवाब को भेजा गया है।

निदेशानुसार अनुरोध है कि प्रसंगाधीन पत्र–1 के पृच्छा संख्या–1 में किया गया पृच्छा का पूर्ण प्रतिवेदन समर्पित करने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन,

ह0/–
उप निदेशक,
बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची।

ज्ञापांक :– 242 दिनांक :– 23/3/2026

प्रतिलिपिः– वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, हजारीबाग/वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

23/3/26

उप निदेशक,
बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची।

23-3

E:\Ranjeet\Letter\Gondulpara 219.80 ha\Letter\Gondulpara 219.80 ha..docx